# छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन, सेक्टर 19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर 492002

दूरभाष : 0771-2880911, 2880912, वेबसाइट : www.cgsec.gov.in, ई-मेल : cgec.cg@nic.in

## //संशोधित आदेश//

रायपुर दिनांक 27/12/2024

क्रमांक/एफ–53–2/तीन(दो)/न.पा./निर्वा.नामा./2024/2855 छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 14 (1), छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961) की धारा 32 (1) तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 8(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं नियम 4, 5 एवं 6 की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा प्रदेश की समस्त नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024–25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम (समय–अनुसूची) क्र.1546, दिनांक 10.09.2024, क्र. 1702, दिनांक 27.09.2024, क्र. 1966, दिनांक 18.10.2024, क्र.1978, दिनांक 21.10.2024 एवं क्र. 2092, दिनांक 06.11.2024 में संशोधन करते हुए 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निम्नानुसार कार्यक्रम (समय अनुसूची) निर्धारित करता हैः–

### निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम

| | द्वितीय चरण | |
|---|---|---|
| 12. | निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना | 31.12.2024<br>मंगलवार से |
| 13. | मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना | 31.12.2024<br>मंगलवार से |
| 14. | दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय | 06.01.2025<br>सोमवार<br>अपरान्ह 03.00 बजे |
| 15. | दावे/आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तारीख | 09.01.2025<br>गुरूवार |
| 16. | प्ररूप क–1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.01.2025<br>शुक्रवार |
| 17. | प्ररूप क–1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि | 11.01.2025<br>शनिवार |
| 18. | दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख | निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर |
| 19. | परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना | 14.01.2025<br>मंगलवार तक |
| 20. | चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पी.डी.एफ. मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना | |
| 21. | अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना | |
| 22 | निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन | 15.01.2025 बुधवार |

**(राज्य निर्वाचन आयुक्त महो.द्वारा अनुमोदित)**

(डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे)
सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

पृ.क्रमांक / एफ–53–2 / तीन(दो) / न.पा. / निर्वा.नामा. / 2024 / 2856 नवा रायपुर दिनांक 27 / 12 / 2024

प्रतिलिपि :–

1 मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।

2. सचिव, माननीय राज्यपाल छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।

3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।

4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।

6. संभागीय आयुक्त, समस्त को सूचनार्थ।

7. संचालक, जनसंपर्क रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

8. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला–समस्त (छत्तीसगढ़) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

9. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

10. राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव, मुख्य लेखाधिकारी, अवर सचिव, लेखाधिकारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, निज सचिव एवं सहायक प्रोग्रामर (कम्प्यूटर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

11. राज्य निर्वाचन आयोग के समस्त शाखा प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

12. गार्ड फाईल।

सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

नवा रायपुर अटल नगर

परिशिष्ट–एक

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2024

| क्र. | संभाग | क्र. | जिला | स.क्र. | नगरपालिका का नाम | वार्डों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | बिलासपुर | 1 | बिलासपुर | 1 | नगरपालिक निगम बिलासपुर | 70 |
| | | | | 2 | नगरपालिका परिषद तखतपुर | 15 |
| | | | | 3 | नगरपालिका परिषद रतनपुर | 15 |
| | | | | 4 | नगरपालिका परिषद बोदरी | 15 |
| | | | | 5 | नगर पंचायत बिल्हा | 15 |
| | | | | 6 | नगर पंचायत कोटा | 15 |
| | | | | 7 | नगर पंचायत मल्हार | 15 |
| | | योग | | | 7 | 160 |
| | | 2 | गौरेला–पेन्ड्रा–मरवाही | 8 | नगरपालिका परिषद् पेन्ड्रा | 15 |
| | | | | 9 | नगरपालिका परिषद् गौरेला | 15 |
| | | | | 10 | नगर पंचायत मरवाही | 15 |
| | | योग | | | 3 | 45 |
| | | 3 | मुंगेली | 11 | नगरपालिका परिषद मुंगेली | 22 |
| | | | | 12 | नगरपालिका परिषद लोरमी | 18 |
| | | | | 13 | नगर पंचायत पथरिया | 15 |
| | | | | 14 | नगर पंचायत सरगांव | 15 |
| | | | | 15 | नगर पंचायत बरेला | 15 |
| | | | | 16 | नगर पंचायत जरहागांव | 15 |
| | | योग | | | 6 | 100 |
| | | 4 | जांजगीर–चांपा | 17 | नगरपालिका परिषद जांजगीर–नैला | 25 |
| | | | | 18 | नगरपालिका परिषद चांपा | 27 |
| | | | | 19 | नगरपालिका परिषद अकलतरा | 20 |
| | | | | 20 | नगर पंचायत खरौद | 15 |
| | | | | 21 | नगर पंचायत शिवरीनारायण | 15 |
| | | | | 22 | नगर पंचायत बलौदा | 15 |
| | | | | 23 | नगर पंचायत राहौद | 15 |
| | | | | 24 | नगर पंचायत नवागढ़ | 15 |
| | | | | 25 | नगर पंचायत सारागांव | 15 |
| | | | | 26 | नगर पंचायत नरियरा | 15 |
| | | | | 27 | नगर पंचायत पामगढ़ | 15 |
| | | योग | | | 11 | 192 |
| | | 5 | सक्ती | 28 | नगरपालिका परिषद सक्ती | 18 |
| | | | | 29 | नगर पंचायत नयाबाराद्वार | 15 |
| | | | | 30 | नगर पंचायत अड़भार | 15 |
| | | | | 31 | नगर पंचायत जैजेपुर | 15 |
| | | | | 32 | नगर पंचायत चंद्रपुर | 15 |
| | | | | 33 | नगर पंचायत डभरा | 15 |
| | | योग | | | 6 | 93 |
| | | 6 | कोरबा | 34 | नगरपालिक निगम कोरबा | 67 |
| | | | | 35 | नगरपालिका परिषद दीपका | 21 |
| | | | | 36 | नगरपालिका परिषद कटघोरा | 15 |
| | | | | 37 | नगरपालिका परिषद बांकी मोंगरा | 30 |
| | | | | 38 | नगर पंचायत पाली | 15 |
| | | | | 39 | नगर पंचायत छुरीकला | 15 |
| | | योग | | | 6 | 163 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | रायगढ़ | 40 | नगरपालिक निगम रायगढ़ | 48 |
| | | | | 41 | नगरपालिका परिषद खरसिया | 18 |
| | | | | 42 | नगर पंचायत पुसौर | 15 |
| | | | | 43 | नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर | 15 |
| | | | | 44 | नगर पंचायत घरघोड़ा | 15 |
| | | | | 45 | नगर पंचायत धरमजयगढ़ | 15 |
| | | | | 46 | नगर पंचायत लैलूंगा | 15 |
| | | योग | | | 7 | 141 |
| | | 8 | सारंगढ़–बिलाईगढ़ | 47 | नगर पंचायत बरमकेला | 15 |
| | | | | 48 | नगर पंचायत सरिया | 15 |
| | | | | 49 | नगर पंचायत बिलाईगढ़ | 15 |
| | | | | 50 | नगर पंचायत भटगांव | 15 |
| | | | | 51 | नगर पंचायत सरसींवा | 15 |
| | | | | 52 | नगर पंचायत पवनी | 15 |
| | | योग | | | 6 | 90 |
| 2- | सरगुजा | 9 | सूरजपुर | 53 | नगरपालिका परिषद सूरजपुर | 18 |
| | | | | 54 | नगर पंचायत विश्रामपुर | 15 |
| | | | | 55 | नगर पंचायत जरही | 15 |
| | | | | 56 | नगर पंचायत भटगांव | 15 |
| | | | | 57 | नगर पंचायत प्रतापपुर | 15 |
| | | योग | | | 5 | 78 |
| | | 10 | बलरामपुर | 58 | नगरपालिका परिषद बलरामपुर | 15 |
| | | | | 59 | नगरपालिका परिषद रामानुजगंज | 15 |
| | | | | 60 | नगर पंचायत राजपुर | 15 |
| | | | | 61 | नगर पंचायत कुसमी | 15 |
| | | | | 62 | नगर पंचायत वाड्रफनगर | 15 |
| | | योग | | | 5 | 75 |
| | | 11 | सरगुजा | 63 | नगरपालिक निगम अम्बिकापुर | 48 |
| | | | | 64 | नगर पंचायत लखनपुर | 15 |
| | | | | 65 | नगर पंचायत सीतापुर | 15 |
| | | योग | | | 3 | 78 |
| | | 12 | कोरिया | 66 | नगर पंचायत पटना | 15 |
| | | योग | | | 1 | 15 |
| | | 13 | मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर | 67 | नगरपालिक निगम चिरमिरी | 40 |
| | | | | 68 | नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ | 22 |
| | | | | 69 | नगर पंचायत झगराखाण्ड | 15 |
| | | | | 70 | नगर पंचायत खोंगापानी | 15 |
| | | | | 71 | नगर पंचायत नई लेदरी | 15 |
| | | | | 72 | नगर पंचायत जनकपुर | 15 |
| | | योग | | | 6 | 122 |
| | | 14 | जशपुर | 73 | नगरपालिका परिषद जशपुरनगर | 20 |
| | | | | 74 | नगर पंचायत कुनकुरी | 15 |
| | | | | 75 | नगर पंचायत बगीचा | 15 |
| | | | | 76 | नगर पंचायत पत्थलगांव | 15 |
| | | | | 77 | नगर पंचायत कोतबा | 15 |
| | | योग | | | 5 | 80 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3- | रायपुर | 15 | रायपुर | 78 | नगरपालिक निगम रायपुर | 70 |
| | | | | 79 | नगरपालिका परिषद आरंग | 17 |
| | | | | 80 | नगरपालिका परिषद गोबरा–नवापारा | 21 |
| | | | | 81 | नगरपालिका परिषद तिल्दा | 22 |
| | | | | 82 | नगरपालिका परिषद मंदिर हसौद | 20 |
| | | | | 83 | नगरपालिका परिषद अभनपुर | 15 |
| | | | | 84 | नगर पंचायत कूरा | 15 |
| | | | | 85 | नगर पंचायत माना कैम्प | 15 |
| | | | | 86 | नगर पंचायत खरोरा | 15 |
| | | | | 87 | नगर पंचायत समोदा | 15 |
| | | | | 88 | नगर पंचायत चंदखुरी | 15 |
| | | **योग** | | | **11** | **240** |
| | | 16 | गरियाबंद | 89 | नगरपालिका परिषद गरियाबंद | 15 |
| | | | | 90 | नगर पंचायत राजिम | 15 |
| | | | | 91 | नगर पंचायत फिंगेश्वर | 15 |
| | | | | 92 | नगर पंचायत छुरा | 15 |
| | | | | 93 | नगर पंचायत कोपरा | 15 |
| | | | | 94 | नगर पंचायत देवभोग | 15 |
| | | **योग** | | | **6** | **90** |
| | | 17 | बलौदाबाजार–भाटापारा | 95 | नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार | 21 |
| | | | | 96 | नगरपालिका परिषद भाटापारा | 31 |
| | | | | 97 | नगरपालिका परिषद सिमगा | 15 |
| | | | | 98 | नगर पंचायत पलारी | 15 |
| | | | | 99 | नगर पंचायत लवन | 15 |
| | | | | 100 | नगर पंचायत कसडोल | 15 |
| | | | | 101 | नगर पंचायत टुण्डरा | 15 |
| | | | | 102 | नगर पंचायत रोहांसी | 15 |
| | | **योग** | | | **8** | **142** |
| | | 18 | महासमुन्द | 103 | नगरपालिका परिषद महासमुंद | 30 |
| | | | | 104 | नगरपालिका परिषद बागबाहरा | 15 |
| | | | | 105 | नगरपालिका परिषद सरायपाली | 15 |
| | | | | 106 | नगर पंचायत तुमगांव | 15 |
| | | | | 107 | नगर पंचायत बसना | 15 |
| | | | | 108 | नगर पंचायत पिथौरा | 15 |
| | | **योग** | | | **6** | **105** |
| | | 19 | धमतरी | 109 | नगरपालिक निगम धमतरी | 40 |
| | | | | 110 | नगर पंचायत आमदी | 15 |
| | | | | 111 | नगर पंचायत कुरूद | 15 |
| | | | | 112 | नगर पंचायत भखारा | 15 |
| | | | | 113 | नगर पंचायत मगरलोड | 15 |
| | | | | 114 | नगर पंचायत नगरी | 15 |
| | | **योग** | | | **6** | **115** |
| | | 20 | दुर्ग | 115 | नगरपालिक निगम दुर्ग | 60 |
| | | | | 116 | नगरपालिका परिषद कुम्हारी | 24 |
| | | | | 117 | नगरपालिका परिषद अहिवारा | 15 |
| | | | | 118 | नगरपालिका परिषद् अमलेश्वर | 18 |
| | | | | 119 | नगर पंचायत धमधा | 15 |
| | | | | 120 | नगर पंचायत पाटन | 15 |
| | | | | 121 | नगर पंचायत उतई | 15 |
| | | **योग** | | | **7** | **162** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4- | दुर्ग | 21 | बालोद | 122 | नगरपालिका परिषद बालोद | 20 |
| | | | | 123 | नगरपालिका परिषद् दल्लीराजहरा | 27 |
| | | | | 124 | नगर पंचायत डौण्डी | 15 |
| | | | | 125 | नगर पंचायत अर्जुन्दा | 15 |
| | | | | 126 | नगर पंचायत डौण्डालोहारा | 15 |
| | | | | 127 | नगर पंचायत गुण्डरदेही | 15 |
| | | | | 128 | नगर पंचायत गुरूर | 15 |
| | | | | 129 | नगर पंचायत चिखलाकसा | 15 |
| | | **योग** | | | **8** | **137** |
| | | 22 | बेमेतरा | 130 | नगरपालिका परिषद बेमेतरा | 21 |
| | | | | 131 | नगर पंचायत बेरला | 15 |
| | | | | 132 | नगर पंचायत साजा | 15 |
| | | | | 133 | नगर पंचायत थानखम्हरिया | 15 |
| | | | | 134 | नगर पंचायत देवकर | 15 |
| | | | | 135 | नगर पंचायत परपोड़ी | 15 |
| | | | | 136 | नगर पंचायत नवागढ़ | 15 |
| | | | | 137 | नगर पंचायत दाढ़ी | 15 |
| | | | | 138 | नगर पंचायत भिंभौरी | 15 |
| | | | | 139 | नगर पंचायत कुसमी | 15 |
| | | **योग** | | | **10** | **156** |
| | | 23 | राजनांदगांव | 140 | नगरपालिक निगम राजनांदगांव | 51 |
| | | | | 141 | नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ | 24 |
| | | | | 142 | नगर पंचायत डोंगरगांव | 15 |
| | | | | 143 | नगर पंचायत छुरिया | 15 |
| | | | | 144 | नगर पंचायत लाल बहादुर नगर | 15 |
| | | **योग** | | | **5** | **120** |
| | | 24 | खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई | 145 | नगर पंचायत छुईखदान | 15 |
| | | | | 146 | नगर पंचायत गण्डई | 15 |
| | | **योग** | | | **2** | **30** |
| | | 25 | मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी | 147 | नगर पंचायत अंबागढ़–चौकी | 15 |
| | | **योग** | | | **1** | **15** |
| | | 26 | कबीरधाम | 148 | नगरपालिका परिषद कवर्धा | 27 |
| | | | | 149 | नगरपालिका परिषद पण्डरिया | 18 |
| | | | | 150 | नगर पंचायत पिपरिया | 15 |
| | | | | 151 | नगर पंचायत पाण्डातराई | 15 |
| | | | | 152 | नगर पंचायत बोड़ला | 15 |
| | | | | 153 | नगर पंचायत सहसपुर लोहारा | 15 |
| | | | | 154 | नगर पंचायत इंदौरी | 15 |
| | | **योग** | | | **7** | **120** |
| | | 27 | बस्तर | 155 | नगरपालिक निगम जगदलपुर | 48 |
| | | | | 156 | नगर पंचायत बस्तर | 15 |
| | | **योग** | | | **2** | **63** |
| | | 28 | कोण्डागांव | 157 | नगरपालिका परिषद कोण्डागांव | 22 |
| | | | | 158 | नगर पंचायत केशकाल | 15 |
| | | | | 159 | नगर पंचायत फरसगांव | 15 |
| | | **योग** | | | **3** | **52** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5- | बस्तर | 29 | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 160 | नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा | 15 |
| | | | | 161 | नगरपालिका परिषद बड़ेबचेली | 18 |
| | | | | 162 | नगरपालिका परिषद किरंदुल | 18 |
| | | | | 163 | नगर पंचायत गीदम | 15 |
| | | | | 164 | नगर पंचायत बारसूर | 15 |
| | | योग | | | **5** | **81** |
| | | 30 | सुकमा | 165 | नगरपालिका परिषद सुकमा | 15 |
| | | | | 166 | नगर पंचायत दोरनापाल | 15 |
| | | योग | | | **2** | **30** |
| | | 31 | उत्तर बस्तर कांकेर | 167 | नगरपालिका परिषद कांकेर | 21 |
| | | | | 168 | नगर पंचायत चारामा | 15 |
| | | | | 169 | नगर पंचायत भानुप्रतापपुर | 15 |
| | | | | 170 | नगर पंचायत अंतागढ़ | 15 |
| | | | | 171 | नगर पंचायत पंखाजूर | 15 |
| | | योग | | | **5** | **81** |
| | | 32 | नारायणपुर | 172 | नगरपालिका परिषद नारायणपुर | 15 |
| | | योग | | | **1** | **15** |
| | | 33 | बीजापुर | 173 | नगरपालिका परिषद बीजापुर | 15 |
| | | योग | | | **1** | **15** |
| **महायोग** | **5** | **33** | | **173** | | **3201** |

**परिशिष्ट–दो**

**नगरपालिका उप निर्वाचन 2024**

| क्र. | संभाग | क्र. | जिला | स.क्र. | नगरपालिका का नाम | वार्ड क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्ग | 1 | दुर्ग | 1 | नगरपालिक निगम भिलाई | 24 |
| | | | | | | 35 |
| | | | | 2 | नगरपालिक निगम भिलाई चरौदा | 32 |
| | | | | 3 | नगरपालिक निगम रिसाली | 34 |
| 2 | बस्तर | 2 | सुकमा | 4 | नगर पंचायत कोन्टा | 13 |
| **महायोग** | **2** | **2** | | **4** | | **5** |

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

**निर्वाचन भवन, सेक्टर 19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर 492002**

**दूरभाष : 0771-2880911, 2880912, वेबसाइट** : www.cgsec.gov.in, **ई-मेल** : cgec.cg@nic.in


क्रमांक एफ–53–2/तीन(दो)/न.पा./निर्वा.नामा./2024/2857 नवा रायपुर, दिनांक 27/12/2024

प्रति,

कलेक्टर एवं,
जिला निर्वाचन अधिकारी,
(स्थानीय निर्वाचन),
जिला–समस्त (छ.ग.)

**विषयः–01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर नगरपालिकाओं के आम/उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण हेतु प्रक्रिया के संबंध में।**

**संदर्भः–(1) आयोग का आदेश क्र.1546, दिनांक 10.09.2024, क्र. 1702, दिनांक 27.09.2024, क्र. 1966, दिनांक 18.10.2024, क्र.1978, दिनांक 21.10.2024 एवं क्र. 2092, दिनांक 06. 11.2024**

**(3) संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक 702 दिनांक 08 नवम्बर 2024**

––000––

विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश, 2024 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2024 जारी किया गया है तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 702 दिनांक 08 नवम्बर 2024 के माध्यम से छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 को संशोधित किया गया है, सुलभ संदर्भ हेतु अध्यादेशों/राजपत्र की छायाप्रति संलग्न है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 12 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 30 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 3, 8(2), 8(3), 9 एवं 9(ख) में हुए संशोधनों के परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा नियत **01 जनवरी 2025** की अर्हता तिथि के आधार पर सभी पात्र व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए नगरपालिकाओं के वार्डों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किया जाना है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त वर्णित अधिनियमों एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 में आवश्यक संशोधन करते हुए निर्वाचक नामावली में सभी पात्र व्यक्तियों के नाम को स्वप्रेरणा से सम्मिलित किया जाना प्रावधानित किया गया है। उक्त संबंध में आयोग द्वारा निम्नानुसार विस्तृत निर्देश जारी किये जाते हैं :–

1. विधानसभा की अद्यतन निर्वाचक नामावली में दर्ज निर्वाचकों का नाम नगरपालिकाओं के वार्डों की निर्वाचक नामाावली में सम्मिलित किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी, विधानसभा की निर्वाचक नामावली की अद्यतन सूची में 01 जनवरी 2025 की स्थिति में पात्र (18 वर्ष पूर्ण कर चुके) सभी मतदाताओं की जानकारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से वार्डवार विभाजित कर समस्त प्राधिकृत कर्मचारियों को उपलब्ध करावें।

2. जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से प्राधिकृत कर्मचारियों को पर्याप्त संख्या में विहित दावा प्ररूप (क/क–1) उपलब्ध करावें, ताकि वे सभी पात्र व्यक्तियों को दावा फार्म/प्ररूप उपलब्ध करा सके।

3. जिला निर्वाचन अधिकारी, दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु चयनित स्थलों तथा निर्धारित समयावधि के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करावें, जिससे पात्र व्यक्तियों को दावा आवेदन प्रस्तुत करने में कोई असुविधा न हो।

4. जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपरोक्त के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सूचित किया जावे ताकि निर्वाचक नामावली में पात्र व्यक्तियों का नाम सम्मिलित करने में उनसे सहयोग लिया जा सके।

5. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को यह प्रयास करना चाहिए कि सभी पात्र व्यक्तियों से विहित प्ररूप में आवेदन पत्र प्राप्त कर लिया जाए। यदि 01 जनवरी 2025 की स्थिति में पात्र व्यक्तियों द्वारा पूर्व में विहित प्ररूप में दावा आवेदन प्रस्तुत किये गये थे, जिसे रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपात्र मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था, तो ऐसे आवेदकों से पुनः आवेदन प्राप्त किये बगैर ही गहन जांच उपरांत पात्रता के संबंध में विनिश्चय कर निराकरण किया जावे। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सभी दावा आवेदन पत्रों का निराकरण छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 4, 5 एवं 6 के अपेक्षानुसार किया जावे।

**01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जावेगा तथा 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का मुद्रण पूर्व में करा लिया गया होगा और पुनः इसके मुद्रण की आवश्यकता नहीं होगी। केवल 01 जनवरी 2025 की स्थिति में विधानसभा की निर्वाचक नामावली में दर्ज मतदाताओं में से छूटे हुए मतदाताओं को ही नगरपालिका की निर्वाचक नामावली में दर्ज किया जाना है और इस प्रकार मतदाताओं को दर्ज किये जाने पर तैयार अनुपूरक अनुसूची की पी.डी.एफ. की जांच रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की जावेगी तथा पी.डी.एफ. की जांच उपरांत त्रुटिरहित पी.डी.एफ. को अंतिम मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित किया जावे।**

6. यद्यपि निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण सावधानीपूर्वक किया जावेगा तथा किसी पात्र निर्वाचक का नाम छूटने की संभावना नहीं है तथापि यदि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के संज्ञान में यह तथ्य आये कि किसी पात्र व्यक्ति का नाम संबंधित वार्ड की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं हो पाया है, तो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वप्रेरणा से ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम नामावली में सम्मिलित कर सकता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 9(ख) में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किया जाना प्रावधानित किया गया है। **नियम 9(ख) अंतर्गत स्वप्रेरणा से** निर्वाचक नामावली में पात्र व्यक्तियों का नाम सम्मिलित किये जाने पर निम्नानुसार प्रक्रिया का पालन किया जाए :–

क. यदि किन्हीं कारणों से पात्र मतदाताओं के नामों को निर्वाचक नामावली में जोड़ा नहीं जा सका है, तो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ऐसे मतदाताओं को स्वप्रेरणा से गहन जांच उपरांत नगरपालिकाओं के वार्डों की निर्वाचक नामावली में जोड़ा जा सकता है।

ख. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा गहन जांच कराने उपरांत पूर्णतः संतुष्ट होने पर तथा संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने उपरांत ही स्वप्रेरणा से निर्वाचक नामावली में परिवर्धन की कार्यवाही किया जावे।

ग. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से किसी प्रविष्टि का परिवर्धन करने के संबंध में लिये गये निर्णय के कारणों को अभिलिखित किया जावे और संबंधित व्यक्ति द्वारा मांग करने पर, ऐसे निर्णय की एक प्रतिलिपि तत्काल निःशुल्क उपलब्ध कराया जावे।

घ. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने विनिश्चय में यह भी उल्लेख किया जावे कि उक्त विनिश्चय से व्यथित व्यक्ति ऐसे विनिश्चय के विरूद्ध निर्वाचन नियम 6(5) के अनुसार निर्धारित अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।

ङ. अपील प्राधिकारी द्वारा व्यथित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने और समुचित जांच करने के पश्चात् अपील पर उपयुक्त आदेश पारित किया जावे तथा इस संबंध में अपील प्राधिकारी का आदेश अंतिम होगा।

च. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपरोक्तानुसार कार्यवाही उपरांत स्वप्रेरणा से जोड़े गये नामों की सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायेगा।

7. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे (क/क–1) के निपटारे के पश्चात् नियमानुसार अनुपूरक सूची तैयार किया जावे। तदानुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि की जावे तथा तत्पश्चात् तैयार अनुपूरक सूची के पी.डी.एफ. की सूक्ष्मता से जांच की जावे।

8. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा पी.डी.एफ. की जांच उपरांत त्रुटिरहित पी.डी.एफ. को अंतिम मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित किया जावे।

9. जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, प्राधिकृत कर्मचारी तथा निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु सहयोग कर रहे अन्य अधिकारी/कर्मचारी/व्यक्ति को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि निर्वाचक नामावली आदि तैयार करने के संबंध में पदीय कर्तव्यों का उल्लंघन किये जाने पर छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 3(क) में एवं मिथ्या घोषणाएं किये जाने पर छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 3(ख) में दण्ड (कारावास) तथा जुर्माने का प्रावधान है।

10. जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इस निर्देश में वर्णित समस्त संशोधनों/अधिनियमों/नियम का गहनता से अध्ययन करने उपरांत पूर्ण सावधानी से पुनरीक्षण की कार्यवाही संपादित की जावे, ताकि शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जा सके।

**(राज्य निर्वाचन आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)**

सचिव<br>
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग<br>
नवा रायपुर अटल नगर